प्रादेशिक समाचार
दिनांक–20.07.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज रांची के एक दिवसीय दौरे पर, राज्य की विस्तारित भाजपा कार्यसमिति की बैठक को करेंगे संबोधित, कार्यकर्ताओं से करेंगे संवाद।
2. सुप्रीम कोर्ट ने सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा के रिजल्ट पर लगायी रोक, कहा– अभी परिणाम जारी करने से पेचिदा हो सकता है मामला।
3. नीट पेपर लीक मामले में रिम्स से गिरफ्तार छात्रा को सीबीआई ने लिया रिमांड पर, रिम्स प्रबंधन ने किया निलंबित, जांच के लिए बनायी पांच सदस्यीय कमिटी।

और

4. 133 वें डूरंड कप फुटबॉल कप की मेजबानी करेगा जमशेदपुर, पहला मैच जमशेदपुर एफसी और बांगलादेश सशस्त्र बल के बीच 28 जुलाई को।

*****************

केंद्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह आज एक दिन के रांची दौरे पर रहेंगे। श्री शाह इस दौरान राज्य की विस्तारित भाजपा कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करेंगे और पार्टी के राज्य कोर ग्रुप की बैठक में भी भाग लेंगे। इस दौरान उनका पार्टी कार्यकर्ताओं से भी बातचीत करने का कार्यक्रम है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी ने बताया कि श्री शाह हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में भाजपा के साथ–साथ एनडीए के चुनावों में प्रदर्शन की समीक्षा करेंगे। राज्य में इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है।

*****************

झारखंड में भाजपा के चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा ने एक बार फिर घुसपैठ के मामले में राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोला है। कल हजारीबाग के महूदी गांव में पीड़ित परिवारों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं घुसपैठ के कारण हो रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को घुसपैठ मामले की जांच करानी चाहिए।

*****************

सुप्रीम कोर्ट ने सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा का रिजल्ट जारी करने पर रोक लगा दी है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने अप्रैल में ली गयी परीक्षा का रिजल्ट सितंबर के पहले हफ्ते में निकालने का कैलेंडर जारी किया था। झारखंड सीटेट उतीर्ण अभ्यर्थी की एसएलपी पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश जेके महेश्वरी और न्यायाधीश राजेश बिंदल की खंडपीठ ने कहा है कि अभी रिजल्ट प्रकाशित करने से कई सफल अभ्यर्थियों को प्रतिवादी बनाकर नोटिस जारी करना पड़ेगा। इस मामले में विस्तृत सुनवाई की जरुरत है। शीर्ष अदालत ने इस मामले की अंतिम सुनवाई के लिए तीन सितंबर की तिथि मुकर्रर की है।

*****************

भारतीय डाक विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि वे अपने प्रियजनों को समय पर राखी पहुंचाने के लिए 31 जुलाई तक राखी भेज दें। विभाग ने अंतरराष्ट्रीय मेलिंग की कठिनाइयों से निपटने और देरी तथा सीमा शुल्क–संबंधी समस्याओं की संभावना को कम करने के लिए यह सलाह दी है। विभाग ने कहा है कि पैकेट को सही तरीके से बंद करें तथा सही कोड और पता लिखें।

लोगों को अपना मोबाइल नंबर लिखने की सलाह भी दी गई है। साथ ही, ज्वलनशील पदार्थ, तरल पदार्थ तथा खराब होने वाले सामान भेजने से बचने को कहा गया है।

******************

जमशेदपुर के जेलों में बंदियों को अब टेली मेडिसिन की सुविधा प्रदान की जा रही है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

******************

नीट पेपर लीक मामले में गिरफ्तार रांची रिम्स की एमबीबीएस की छात्रा सुरभि को कल पटना में सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे सीबीआई की रिमांड पर भेज दिया गया। इस बीच जांच एजेंसी ने रिम्स प्रबंधन से सुरभि की उपस्थित पंजी और हॉस्टल का एंट्री रजिस्टर मांगा है। इधर, रिम्स प्रबंधन ने सुरभि को निलंबित कर दिया है और मामले की जांच के लिए पांच सदस्यीय कमिटी बनायी है। यह कमिटी मामले की जांच कर छात्रा को रिम्स से निष्कासित करने की अनुशंसा करेगी।

******************

मौसम विभाग ने राज्य में आज से मानसून के फिर सक्रिय होने की संभावना व्यक्त की है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि अगले तीन दिनों तक रांची के अलावा सिंहभूम और सिमडेगा समेत कई जिलों में भारी बारिश हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि एक सर्कुलेशन बन रहा है, जिसका असर राज्य में दिखायी पड़ेगा।

******************

लौहनगरी जमशेदपुर को पहली बार डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट की मेजबानी मिली है। टूर्नामेंट के पहले दिन 28 जुलाई को जमशेदपुर एफसी और बांग्लादेश सशस्त्र बल एफटी के बीच मुकाबला होगा। इससे पहले कल टाटा ऑडिटोरियम एक्सएलआरआई में खेल मंत्री हफीजुल हसन और स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की उपस्थिति में डूरंड कप ट्राफी को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर खेल मंत्री ने कहा कि डूरंड कप के जरिये फुटबॉल की एक और कड़ी प्रदेश से जुड़ जायेगी।

******************

महिला एशिया कप टी–ट्वेंटी क्रिकेट में भारत ने श्रीलंका के दांबुला में अपने पहले ग्रुप मैच में पाकिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया। जीत के लिए 109 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने 7 विकेट और 35 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। पेश है एक रिपोर्ट–

******************

अब अखबारों की सुर्खियां

- रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने सहायक पुलिसकर्मियों पर हुए लाठी चार्ज की खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया है।
- हिन्दुस्तान ने माइक्रोसॉफ्ट का सर्वर ठप होने पर लिखा है– साइबर संकट से पूरी दुनिया की रफ्तार थमी।
- दैनिक भास्कर के शब्द हैं– एक अपडेट...और दुनिया हैंग।
- प्रभात खबर की सुर्खी है– बैरिकेडिंग तोड़ सीएम आवास घेरने पहुंचे, पुलिस से भिड़े, की पत्थरबाजी, सहायक पुलिसकर्मियों पर लाठीचार्ज।
- दैनिक जागरण लिखता है– सहायक पुलिसकर्मियों का एक वर्ष और बढ़ेगा अनुबंध, वेतन में भी होगी वृद्धि।
- रांची एक्सप्रेस ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हवाले से लिखा है– किसानों–मजदूरों को सशक्त बनाने के लिए सरकार संकल्पित।
- अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने माइक्रोसाफ्ट आउटेज की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

**********समाप्त***********